हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

4 जल-जंगल-जमीन आदिवासियों की धरोहर


## खबर संक्षेप

### एनएच पर संयुक्त जिला कार्यालय की मांग



**मनेन्द्रगढ़।** सर्व आदिवासी समाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर एमसीबी को नेशनल हाईवे पर संयुक्त जिला कार्यालय स्थापित करने के संबंध में मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उल्लेख किया गया कि मनेन्द्रगढ़ जिले का सबसे दूरस्थ क्षेत्र भरतपुर है, इसके अंतर्गत कोटाडोल, कमर्जी सहित कई दुर्गम व पहुंचविहीन ग्राम आते हैं। इनकी जिला मुख्यालय से दूरी 150 किमी से अधिक है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि संयुक्त जिला कार्यालय नेशनल हाईवे पर स्थापित होता है, तो इन क्षेत्रों के निवासियों को एक दिन में अपने कार्य निपटाने और लौटने में सुविधा होगी। वहीं हाईवे से बाहर अन्यत्र कार्यालय बनने पर आवागमन और आर्थिक दृष्टि से आम जनता को कठिनाई होगी। जनहित में सहानुभूतिपूर्ण कार्रवाई की अपेक्षा की है। इस दौरान पूर्व विधायक भरतपुर-सोनहत गुलाब कमरो, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष शरण सिंह, परमेश्वर सिंह, अमोल सिंह, ब्रम्हा सिंह, भवन सिंह, अमर सिंह, कौशिल्या सिंह, ललिता पाव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 16 को

**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी शहर के प्रेमाबाग मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर आगामी 16 अगस्त को देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित किया जाना है। उक्त प्रतियोगिता में जो भी प्रतिभागी भाग लेना चाहते हैं वे समिति के पदाधिकारियों से 14 अगस्त तक संपर्क कर सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। आयोजित होने वाले प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम 11 हजार, द्वितीय 71 हजार, तृतीय 51 हजार रूपए, बालक तथा बालिका वर्ग में प्रथम 51 हजार, द्वितीय 31 हजार का नगद पुरस्कार निर्धारित है, इसके अलावा छोटे बच्चों को मटकी फोड़ में समिति द्वारा सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### आरक्षक संवर्ग की लिखित परीक्षा 14 सितंबर को

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायीक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन हेतु संभावित परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी 5 अगस्त से 27 अगस्त 2025 तक व्यापम के पोर्टल में पंजीयन उपरांत सबमिट कर सकते हैं। लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने हेतु पात्र नहीं होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। लिखित परीक्षा 14 सितंबर को दोपहर 2 बजे से संभागीय मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी।

### ब्रम्हाशंकर बने मालवीय मिशन के अध्यक्ष

**अंबिकापुर।** पं. मदन मोहन मालवीय मिशन की बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रम्हा शंकर सिंह सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। वरिष्ठ सदस्य सुरेन्द्र गुप्ता के निवास पर शुक्रवार को मिशन की बैठक हुई। विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा करने के उपरान्त वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन का सर्वसम्मत चुनाव कराने का सुझाव दिया गया।

### तेज धूप से सूख रहे खेत, बारिश की दरकार

# थमी बारिश, खेतों में आईं दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बीते एक सप्ताह से बारिश की गतिविधि थम गई है। इस बीच हल्की बारिश किसी न किसी क्षेत्र में जरूर हुई, लेकिन एक सप्ताह से तेज बारिश नहीं होने से खेतों में जमा पानी भी अब सूखने लगा है, इससे खेतों में लगे धान के फसल को अब पानी की कमी होने लगी है। यदि आगामी कुछ दिनों तक बारिश तेज नहीं हुई तो कई खेतों में सूखे खेत में दरारे भी दिखाई देने लगेगी।

इस वर्ष 15 जून से तो बारिश की गतिविधि शुरू हुई तो लगभग डेढ़ माह तक बारिश पानी होती रही। बीते एक सप्ताह से बारिश की गतिविधि थम गई है। ऐसा नहीं कि इस दौरान आसमान में बादल नहीं छा रहे हैं। आसमान में बादल छा उमड़-घुमड़ रहे हैं, लेकिन बिन बरसते ही दिन बीत रहा हैं, इसके पहले हुई बारिश का पानी खेतों में जमा था, वह अब ऊंचाई वाले जगहों के खेतों में सूखने लगे हैं और पूरी तरह कुछ जगहों पर खेतों में जमा पानी सूख गया है और बारिश की गतिविधि भी रूक गई है, ऐसे में किसानों की चिंता अब बढ़ने लगी है। कुछ जगहों के खेत तो ऐसे हैं, जिनमें रोपा कार्य पूरा करने के बाद से पानी ही नहीं बरसा है, रोपा के दौरान जमा पानी अब सूख गया, ऐसे समय में अब ऐसे सूखे खेतों में पानी की आवश्यकता हैं, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण सूखे खेत और सूखते जा रहे हैं। इस तरह की हालत में सूखे खेतों को अब पानी की सख्त जरूरत हैं, अन्यथा कुछ दिन सूखे की स्थिति बनी रही तो खेतों में दरारे साफ दिखाई देने लगेगी और धान फसलों को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है।



खेतों में पानी की कमी।

**धान रोपा कार्य पूर्णता की ओर:** कोरिया जिले में इस वर्ष समय पर अच्छी बारिश होने के कारण अगस्त महीने के पहले सप्ताह के अंतिम समय तक जिले में धान रोपाई का कार्य पूर्णता की ओर है। इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण जून माह के अंत में ही कई लोगों ने रोपा कार्य की शुरूआत कर दी थी और जुलाई माह के अंत तक 80 प्रतिशत से अधिक धान रोपा का कार्य जिले में पूरा कर लिया गया था। खेतों में पर्याप्त पानी के कारण अगस्त के महीने में अब तक कई दिनों बारिश नहीं होने के बावजूद बचे किसानों के द्वारा रोपा कार्य पूरा करने में जुटे हुए हैं।

# सिटी कोतवाली के बगल में यातायात कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया पुलिस के यातायाता शाखा को दो दशक से अधिक समय के बाद नया ठिकाना मिल गया। इसमें अभी पूरी तरह से यातायात की गतिविधियां शुरू नहीं हो पाई है।

- प्रतीक्षा बस स्टैण्ड की भवन थी खस्ताहाल

उल्लेखनीय है कि कोरिया जिला गठन के बाद शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग किनारे कोरिया पुलिस के यातायात शाखा एक तंग कमरे से संचालित होता रहा। पुराना कक्ष होने के कारण बरसात के दौरान कई तरह की दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा था। इसी बीच अब कोरिया यातायात का शाखा पुराने सिटी कोतवाली को बनाया गया, जहां पर पूरी तरह से यातायात का संचालन का कार्य नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि रियासतकाल में भवन में पुलिस थाना का संचालन होता था, जिला गठन के बाद पास में ही सिटी कोतवाली भवन नया बनने के बाद पुराना भवन वर्षो से खाली पड़ा था, जिसका कोई उपयोग नहीं हो रहा था, उस भवन का उपयोग अब यातायात शाखा के संचालन के लिए किया जाएगा ,अब तक नए बनाए गए यातायात शाखा में बहुत कुछ व्यवस्थित करने की जरूरत है।



### सीपेज की समस्या के बाद बदला

यातायात कोरिया का नया ठिकाना पुराने कक्ष के सिपेट की समस्या के कारण बदलना पड़ा, जबकि दो दशक से अधिक समय तक कोरिया पुलिस के यातायात शाखा का संचालन होता रहा, जिसमें कई तरह की दिक्कते होती थी ,आखिरकार अब जाकर सिटी कोतवाली के पुराने भवन में यातायात शाखा संचालन का निर्णय लिया गया।

### एक ही परिसर में कई कार्यालय

कोरिया पुलिस की यातायात शाखा के संचालन के लिए पुराने सिटी कोतवाली भवन को आवंटित कर दिए जाने के बाद कोरिया पुलिस की लगभग सभी शाखाएं अब एक ही परिसर में संचालित हो रही है, सिवाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय को छोड़कर। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन परिसर में जिला विशेष शाखा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, आजाक थाना, साइबर सेल, सिटी कोतवाली, पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस परामर्श केन्द्र, रक्षित केन्द्र का संचालन हो रहा था, जहां अब यातायात शाखा भी शामिल हो गया। अब केवल पुलिस अधीक्षक कार्यालय ही विभाग के परिसर से अलग संचालित हो रहा है।

# आत्मानंद कटगोड़ी में पालक-शिक्षक सम्मेलन

**कटगोड़ी।** पालक-शिक्षक मेगा सम्मेलन का आयोजन विद्यालय में 8 अगस्त को हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य आलेश्वरी गौतम, सरपंच कटगोड़ी पुष्पासिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह, सांसद प्रतिनिधि दरोगी राम राजवाड़े, विधायक प्रतिनिधि संदीप साहू, पूर्व सरपंच राम कुमार सिंह, अनिल गौतम, पूर्व बीडीसी हीरालाल सहित काफी संख्या में पालक माता-पिता एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा-अर्चना के पश्चात प्रारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत पश्चात संस्था प्रमुख बीरेन्द्र बहादुर तिवारी ने पालक शिक्षक मेगा सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह पालक शिक्षक मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग कर सकते हैं। बीईओ सोनहत संदीप साहू, डीआर राजवाड़े, सरपंच पुष्पासिंह, मुख्य अतिथि आलेश्वरी गौतम ने पालकों से सारगर्भित संवाद किया तथा पालक-शिक्षक को मिलकर छात्रों के शैक्षणिक प्रगति में एक पूल की भूमिका निभाने की बात कही। सम्मेलन में जन स्वच्छता मिशन जिला संयोजक शहनाज परबीन ने स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए जीवन में स्वच्छ आदतें अपनाने का संदेश दिया। कुर्सी दौड़ ,तिरंगा रैली सह स्वच्छता रैली का आयोजन हुआ। अतिथियों का आभार प्रदर्शन स्वाति त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता आईडी राजवाड़े ने किया।




### दुकान से हजारों रुपए के राशन, सामान की चोरी

**बिश्रामपुर।** ग्राम अजबनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरों ने बीती रात दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए के राशन सामान की चोरी कर ली है। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अजबनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में बीती रात करीब पौने तीन बजे एक अज्ञात बाइक सवार द्वारा रेकी करते हुए अपने पीछे पिकअप वाहन को साथ लेकर पहुंचा और दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे करीब 27 क्विंटल चावल, एक क्विंटल शक्कर,और चना ले उड़े। यह खाद्यान्न न सिर्फ 16 एपीएल परिवारों के लिए था, बल्कि स्कूलों के बच्चों के मध्याह्न भोजन योजना के लिए भी संग्रहित किया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल का 30 वां स्थापना दिवस मना

**वेस्ट चिरमिरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी में 30 वां स्थापना दिवस वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन के साथ शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (ऑपरेशन) कुमार सौरभ और अतिथि एसओ माइनिंग दिनेश प्रसाद ताती थे।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने महर्षि दयानंद के जीवन पर आधारित ऋषि गाथा की प्रस्तुति दी। कक्षा 11 वीं के वेदांश पंडा ने विद्यालय की स्थापना और प्रगति पर अपने विचार रखे। सोच की शक्ति नाटक ने सकारात्मक सोच की प्रेरणा दी। बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कक्षा 10 वीं में प्रियांश अग्रवाल ने 98.6 %, अनन्या सिंह 97.8 % और मेहुल 97.2 % अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 वीं (विज्ञान) में साक्षी अग्रवाल 95.6%, मनोदीप दास 93.2 % और श्रेयांश विश्वकर्मा 92.8 % प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग में आदर्श गुप्ता 97.2%, अंशिका जैन 93.8 % और श्रुति राय 92.8 % अंक के साथ अव्वल रहे। गणित में 2, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 5 और संस्कृत में 10 विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी जसगीत पर आधारित नृत्य प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि श्री सौरभ ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा विद्यालय परिवार की सराहना की। वरिष्ठ शिक्षक बीआर पांडा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। संचालन कक्षा 10 वीं के चिन्मय प्रकाश एवं स्वर्णा श्रीवास्तव ने किया।



# लकड़ी तस्करों ने दिनदहाड़े किया युवक का अपहरण

**अम्बिकापुर/वाड्रफनगर।** जिले में सक्रिय लकड़ी तस्कर अब अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम देने में उतर आए है। इस बात का खुलासा बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने यूपी के बीजपुर से एक युवक को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है। मुखबिरी के शक पर तस्करों ने युवक का अपहरण किया था और 3 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन की तलाश चल रही है।

- मांगी 3 लाख की फिरौती

बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर रजखेता निवासी विजय मरकाम आ.रामसिंगार गोड़ गांव में किराना दुकान संचालित करता है और युवक 6 अगस्त को घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन युवक की तलाश कर रहे थे। इस दौरान 7 अगस्त को विजय मरकाम ने अपने भाई बृजेश सिंह को फोन कर सूचना दी कि उसका अपहरण कर लिया गया है। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने विजय मरकाम से मोबाइल फोन छीन कर 3 लाख रुपए की मांग की और फिर फोन काट दिया गया। 8 अगस्त की सुबह 9 बजे फिर से बृजेश सिंह के पास उसके भाई के ही मोबाइल नम्बर से फोन आया और फिर से 3 लाख रुपए की मांग की गई। फिरौती के लिए फोन आने के बाद परिजन दहशत में आ गए और घटना की शिकायत बसंतपुर पुलिस से की। घटना की सूचना मिलने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस व साइबर सेल की टीम मोबाइल लोकेशन के आधार पर यूपी के लिए रवाना हुई थी।



पुलिस गिरफ्त में अपहरणकर्ता।

### चल रही है जांच

लकड़ी तस्करों ने युवक का अपहरण किया था और फिरौती की मांग की गई थी। सूचना आने के बाद तत्काल टीम को सक्रिय कर यूपी रवाना किया गया और समय रहते पुलिस ने युवक को बरामद करने के साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस मामले की जांच चल रही है।

**-वैभव बैंकर रमनलाल,** एसपी

### खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल पर दिया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय के निर्देशानुसार जिला कार्यालय सभाकक्ष में खनिज विभाग द्वारा खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरगुजा संभाग के सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बलरामपुर और जशपुर जिलों से आए खनि अधिकारी, खनि निरीक्षक, एफएमएस, खनि रियायतधारी एवं स्टॉकहोल्डर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पोर्टल के तकनीकी फीचर्स, उपयोग की प्रक्रिया, पारदर्शिता, इज ऑफ डूइंग बिजनेस और हितग्राहियों को होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में खनिज ऑनलाइन 2.0 प्रोजेक्ट के प्रबंधक रूपरंजन ने बताया कि यह पोर्टल विभागीय कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश में खान एवं खनिज संसाधनों के समग्र प्रबंधन को सशक्त बनाएगा। पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाया गया है।

# कोरवा महिला को दंतैल ने पटका, बची दोनों की जान



**अम्बिकापुर।** बीती रात मैनपाट में भ्रमण कर रहे 13 सदस्यीय हाथियों ने अलग-अलग दल में बंटकर जमकर उत्पात मचाया। मध्यरात्रि हाथियों का दल सीमावर्ती गांव खाल कंडराजा में अपने एक साल के बच्चे को गोद में लेकर भाग रही पहाड़ी कोरवा महिला को कीचड़ में पटक दिया। महिला एवं बेटे के कीचड़ में सने होने के कारण दंतैल आगे निकल गया जिससे दोनों की जान बच गई। हाथी के हमले में घायल मां-बेटी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में चल रहा है।

मैनपाट में लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 13 सदस्यीय हाथियों का दल अलग-अलग बंटकर लगातार तबाही मचा रहा है। हाथी कभी मैनपाट के तराई क्षेत्र में पहुंचकर उत्पात मचा रहे हैं तो कभी मैनपाट के सरहदी कापू रेंज में पहुंच जा रहे है। बीती रात हाथियों का दल कपू जंगल के तराई क्षेत्र से सीमावर्ती ग्राम खाल कंडराजा की ओर तेजी से बढ़ रहा था। इस दौरान रोज की तरह वन विभाग की अलग-अलग चार टीमें वाहनों से हाथियों की निगरानी में निकली थी। सीमावर्ती ग्राम खाल कंडराजा कापू वन परिक्षेत्र के अंतर्गत है लेकिन मैनपाट का सरहदी गांव होने के कारण वन अमला हाथियों की निगरानी करने प्रायः गांव तक पहुंचता है। हाथियों के खाल कंडराजा की ओर अग्रसर होने की सूचना पर वनकर्मी प्रकाश राम यादव एवं सतीश यादव अन्य साथियों के साथ पहुंच जंगल किनारे कोरवापारा में निवासरत ग्रामीणों का घर खाली करा सुरक्षित स्थानों पर भेजा। इस दौरान गांव के सभी लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले गए। गांव के सुलेश्वर ने अपनी पत्नी सनियारो बाई को एक साल के बेटे इंजोर साय के साथ भागने को कहा लेकिन नशे में होने के कारण उसने पति की बातों पर ध्यान नहीं दिया। पति सुलेश्वर कोरवा पत्नी एवं बेटे को घर में ही छोड़कर गांव के अन्य लोगों के साथ भाग निकला। मध्य रात्रि 1 बजे हाथी कोरवा पारा पहुंचकर चिंघाड़ने लगे तो सनियारों बाई को अपनी एवं बेटे पर मंडराते खतरे का अहसास हुआ। वह बेटे को गोद में लेकर भागने लगी। सनियारों के भागने की आवाज सुनकर दल का दंतैल उसके पीछे दौड़ने लगा दंतैल को भागते देख दल के अन्य हाथी भी उसके पीछे भागने लगे। इस दौरान दंतैल ने महिला पर पीछे से हमला कर दिया जिससे महिला की गोद से बेटा छिटककर कीचड़ में जा गिरा तथा महिला भी गिरकर कीचड़ में सन गई। दोनों के कीचड़ में सने होने के कारण दंतैल हाथियों के साथ आगे निकल गया। हाथियों के जाने के बाद वनकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला तथा कीचड़ धोकर तत्काल दोनों को सीतापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद मां-बेटे दोनों की तबीयत सामान्य बताई जा रही है। वन परिक्षेत्राधिकारी फेंकू चौबे ने बताया कि हाथियों ने बीती रात बारिश के दौरान ग्राम बिलाई ढोढ़ी, ननाइन डांड, खाल कंडराजा, पेंट घाट में भ्रमण कर रहे थे जबकि एक दंतैल बांस प्लांटेशन में मौजूद था।

- घायल मां-बेटी का सीतापुर में चल रहा इलाज

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल, जिला अध्यक्ष पावले समेत कई हुए शामिल

# मनेन्द्रगढ़ की तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

स्वतंत्रता दिवस के उत्साह और गगनभेदी नारों के बीच रविवार को मनेन्द्रगढ़ में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले के नेतृत्व में यह यात्रा भगत सिंह तिराहा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शहीद स्मारक जय स्तम्भ चौक पहुंची।

यात्रा में काफी संख्या में देशभक्त नागरिक, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पूरे रास्ते भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिन्द जैसे राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत नारे गूंजते रहे। जय स्तम्भ चौक पर समापन अवसर पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का उद्बोधन यह तिरंगा सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की अनगिनत कुर्बानियों और त्याग का प्रतीक है। आजादी हमें सहज रूप से नहीं मिली, लाखों वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी, तब जाकर हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हुई। आज हम सभी का दायित्व है कि इस तिरंगे की शान, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखें। नई पीढ़ी को देशभक्ति, त्याग और सेवा की भावना से जोड़ना ही इस यात्रा का उद्देश्य है। हम सबको मिलकर भारत को विश्व गुरु बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने कहा कि मोर तिरंगा, मोर अभिमान यह अभियान सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि हमारे दिलों में देशप्रेम की लौ को प्रज्जवलित करने का प्रयास है।

आज यहां उपस्थित हर चेहरे पर तिरंगे के प्रति सम्मान और गर्व साफ झलक रहा है। हमें यह याद रखना होगा कि स्वतंत्रता की रक्षा सिर्फ सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जिस दिन हम सभी अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी, सेवा और समर्पण के साथ काम करेंगे, उस दिन भारत सबसे ऊंचाई पर होगा। यात्रा के दौरान रंग-बिरंगे तिरंगों से सजे नगर के दृश्य, देशभक्ति गीतों की गूंज और उत्साह से भरे चेहरे, मनेन्द्रगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बन गए।



## खबर संक्षेप



### सारासोर स्वास्थ्य शिविर में 653 ग्रामीणों का निशुल्क उपचार

**अम्बिकापुर।** मां सतकलोकी देवी ट्रस्ट एवं सक्षम आरोग्य भारतीय सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में सावन महोत्सव के अवसर पर सारासोर में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर 653 ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई तथा 160 लोगों का नेत्र परीक्षण कर निशुल्क चश्मा दिया गया। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री रामजी राजवाड़े, नागेश्वर नाथ योगी, दुर्गा चरण सिंह, सत्यम गर्ग, नपं अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा, जिपं सभापति अनुज राजवाड़े, माधुरी पाठक, राजीव पाठक, सुरेन्द्र साहू शिविर में नेत्र सर्जन डॉ. आनंद मोहन त्रिपाठी, डॉ. कुलदीप द्विवेदी, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. अंकित शर्मा, डॉ. सुमित मंडल, डॉ. विजय यादव, डॉ. स्वाति पटेल, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. अंकित लकड़ा, डॉ. अमुल्य चंद चानसी, डॉ. लोकेश्वरी साल सहित अन्य मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** बोर पंप चालू करने गई युवती करंट की चपेट में आने से मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लटोरी निवासी सुहानी चौधरी आ. ओम प्रकाश चौधरी (16 वर्ष) शुक्रवार की शाम 4 बजे बर्तन धोने के लिए बोर पंप को चालू करने गई थी। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से मौके पर अचेत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे लोगों के लिए बने मुसीबत



**प्रतापपुर।** तहसील क्षेत्र इन दिनों लोग गंभीर सड़क सुरक्षा संकट से जूझ रहे है। एक मोबाइल कंपनी द्वारा हाल ही में तहसील से प्रतापपुर तक के मुख्य मार्ग पर इंटरनेट केबल बिछाने के लिए जगह-जगह खुदाई की गई। लेकिन खुदाई कार्य पूरा होने के बाद न तो गड्ढों को भरा गया और न ही बीच सड़क पर डाले गए मिट्टी और पत्थरों के मलबे को हटाया गया। इससे पूरे मार्ग पर यातायात पर असर पर पड़ा रहा है। आज दोपहर तहसील कार्यालय के पास इस लापरवाही का नतीजा सामने आया। सड़क पर पड़े मिट्टी के मलबे से फिसलकर एक कार अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क किनारे आम के पेड़ से टकरा गई। हादसे के समय गाड़ी में कई यात्री सवार थे। गनीमत था की सभी को केवल हल्की-फुल्की चोटें आईं और एक बड़ा हादसा टल गया। चश्मदीदों के मुताबिक अगर गाड़ी की रफ्तार थोड़ी और तेज होती या सामने से कोई वाहन आ जाता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## समाज के लोगों ने निकाली रैली

# शहर में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



रैली में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्व आदिवासी समाज द्वारा शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के कला केंद्र मैदान में समाज के लोगों द्वारा वृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके साथ ही शहर में रैली निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया और मांदर की थाप पर जमकर थिरके।

**खास बात**

- संभाग भर में हुए विविध आयोजन

बता दें कि 9 अगस्त को प्रदेशभर में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संभाग मुख्यालय में सर्व आदिवासी समाज द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर वृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने शहर के घड़ी चौक से गाजे बाजे के साथ पारम्परिक परिधानों में भव्य रैली निकाली गई। रैली घड़ी चौक से संगम चौक, पुराना बस स्टैंड रोड से अग्रसेन चौक, सदर रोड, महामाया चौक से पुनः संगम चौक होते हुए कला केंद्र मैदान में सम्पन्न हुई।

इस दौरान समाज के लोग मांदर की थाप कर जमकर थिरके। वहीं मंच से आदिवासी समाज ने समाज के लोगों को सम्मानित किया। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष अमृत सिंह मरावी ने बताया की 9 अगस्त को देश और दुनिया में एक साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाना और अपने समाज की संस्कृति, सभ्यता, भाषा और परम्पराओं से अवगत करना है। समाज की संस्कृति को इस कार्यक्रम के माध्यम से पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया।

### धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**शंकरगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस शंकरगढ़ के खेल मैदान में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा स्टेडियम ग्राउंड से गणेश चौक बचवार तक विशाल रैली निकाली गई। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपनी पारंपरिक परिधान में प्रस्तुति दी। मंच पर सभी समाज प्रमुखों को सह सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष लीडु लकड़ा समाज प्रमुख स्टीफन बखला, राम साय उरांव, कृष्ण लकड़ा, कुंवर साहब, प्रवीण नाथ, बृजमोहन टप्पे, कबलू राम, करन राम, प्रभु भगत, गुरमाल भगत, शिवशंकर भगत, जगेश्वर पैकरा, बीरेंद्र एक्का, तिलन राम, इंद्रजीत भगत, कलम साय लकड़ा, मानिक चंद पैकरा, जिपं सदस्य श्रीमती गीता पैकरा, तिलासाय, अमीन साय संजय उरांव, श्याम राज लकड़ा, बुधन पैकरा, नवसाय कुजूर, बिरजू राम, सुकांति पैकरा, विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच पंच सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वक्ताओं ने आदिवासी समाज के ज्वलंत मुद्दों को उठाया। विशेष कर शिक्षा, नशापन, गरीबी एवं स्थानीय समस्याओं पर विचार किया गया। मंच का संचालन श्री रिझन एक्का का द्वारा किया गया।







### बच्चों ने आदिवासी संस्कृति के झलक दिखाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

**रामानुजगंज।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज संगठन जोन जामवंतपुर द्वारा समाज के कार्यकारी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर पोर्ते, सुभेल कुमार, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह,राजदेव सिंह की उपस्थिति में ग्राम तेतरडीह के खेल मैदान में बृहद आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान विविध आदिवासी संस्कृति के झलक दिखलाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस मूल निवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें आदिवासी संस्कृति की झलक देखी गई। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर देवराज सिंह ने बताया कि कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी की जा रही थी। कार्यक्रम में पूरे जिले से आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर आदिवासी समाज के लोगों में उत्साह देखते हैं बन रहा था। आयोजन को सफल बनाने में देवराज सिंह, अजय सिंह,अजीत सिंह, सुकुमार सिंह, लक्ष्मण सिंह, सीताराम मरकाम, अनिश सिंह सक्रिय रहे।





### युवक को ट्रेलर ने मारी टक्कर मौत, महिला व बच्चा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

रक्षा बंधन में बाइक से पत्नी और मासूम बच्चे के साथ ससुराल जा रहे 25 वर्षीय युवक की अनियंत्रित रफ्तार की ट्रेलर की चपेट में आने से मौत हो गई,घटना में उसकी पत्नी और मासूम गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें उपचार के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

करंजी चौकी प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि सपकरा निवासी अनिरुद्ध पिता अशोक कुमार शनिवार को अपनी पत्नी और बच्चे को बाईक में बैठा रक्षा बंधन में अपने ससुराल कसकेला जा रहे थे तभी बिश्रामपुर दतिमा मार्ग में नितिन फ्यूल पेट्रोल पंप के सौ मीटर आगे कुमदा पहुंच मार्ग के समीप भटगांव की ओर से आ रही ट्रेलर सीजी 29 ए 4020 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाईक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया।घटना में आमने सामने हुई टक्कर में बाइक चला रहा अनिरुद्ध चालीस मीटर दूर सड़क में घसीटते जा गिरा जिससे सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई, जबकि पत्नी और मासूम जख्मी हो गए जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया है।घटना की सूचना पर करंजी पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम उपरांत शव को परिजनो को सौंप दिया।इधर अनियंत्रित वाहनों पर लगाम और मुआवजा की मांग को लेकर स्थानीय लोगो ने कुछ समय के लिए भटगांव मार्ग बाधित कर मृतक के परिवार के लिए तत्काल मुआवजा राशि की मांग करने लगे।सूचना पर पहुंचे सूरजपुर तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर हर संभव मदद को आश्वस्त किया, तब जाकर लोग माने।पुलिस ने मृतक के पिता अशोक कुमार की रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक के खिलाफ 125 ए,281,106(1) का अपराध दर्ज कर लिया है।घटना से आज सपकरा में शोक व मातम का माहौल निर्मित हो गया है।पुलिस दुर्घटनाकारी ट्राला ट्रक को जप्त कर मामले की जांच कर रही है।

### नशे के खिलाफ भटगांव पुलिस ने खेल प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को किया जागरूक

**सलका अघिना।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशानुसार नशा मुक्ति को लेकर एक व्यापक अभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत पुलिस युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत थाना भटगांव ने ग्राम बुंदिया में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया था। समापन मुकाबला बुंदिया व डुमरिया के मध्य खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर रहीं। जिसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी में डुमरिया ने बुंदिया को हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। अतिथियों ने विजेता टीम को 1 हजार नगद व शील्ड और उपविजेता 500 नगद व शील्ड सहित अन्य खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें नशे के शारीरिक और आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना था। मुख्य अतिथि वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। मुख्य अतिथि रामसेवक पैकरा ने पुलिस की इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करेगी, जिससे वे नशे से दूर रह सकेंगे। उन्होंने समाज को नशामुक्त बनाने में अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन लिया। थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने युवाओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाज से नशे को जड़ से खत्म करने के लिए एकजुट होने की बात कही। उन्होंने बताया कि पुलिस युवाओं को शिक्षा और खेलों के प्रति प्रेरित कर रही है। इस दौरान थाना के प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, आरक्षक दिनेश ठाकुर, रजनीश पटेल, विष्णु दत्त, विश्व रंजन, गौतम, राधे व अन्य उपस्थित थे।



### रक्षा बंधन को लेकर भारी उत्साह, बहनों ने भाइयों की आरती उतार बांधी राखी







हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

श्रावण पूर्णिमा पर शनिवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन उल्लास पूर्वक मनाया गया। अपने भाइयों को राखी बांधने बहनें लंबा सफर कर भाई के घर पहुंची एवं भाइयों की आरती उतार उनके दीर्घ जीवन की कामना की। रक्षाबंधन को लेकर बच्चों में भारी उत्साह देखा गया।

- देर शाम तक चलता रहा राखी बांधने का सिलसिला, बच्चों में दिखा उत्साह

शनिवार को पूरे दिन रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के पूर्व भाई-बहनों ने अपने अराध्य की पूजा-अर्चना की तथा एक-दूसरे के सुख समृद्धि की कामना की। बहनों ने अपने भाइयों की आरती उतारी तथा तिलक लगाकर जीवन में हमेशा सफलता हासिल करने की कामना के साथ कलाइयों पर राखी बांधी। बहनों ने भाइयों को उनके पसंद की मिठाइयां खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को मिठाई खिलाकर कपड़े, गहने एवं अन्य उपहार दिए। इस दौरान भाई-बहनों ने आजीवन एक दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी रहने एवं सुख-समृद्धि के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर पूरे दिन मिठाइयों के साथ हास-परिहास का दौर चलता रहा। रक्षा बंधन को लेकर उत्साहित छोटे बच्चों में उपहार को लेकर भारी आकर्षण दिखा। नन्हे भाई-बहनों के बीच उपहार को लेकर कहा सुनी, मान-मनव्वल एवं परिहास परिजन के आकर्षण का केंद्र बना रहा। रक्षा बंधन पर छोटी बहनों ने अपने भाइयों से जमकर उपहार बटोरा। भाई को राखी बांधने अपनी ससुराल से मायके पहुंची एवं परिवार के साथ सुकून के पल गुजारी। बहनों के ससुराल से भाई को राखी बांधने के लिए मायके पहुचने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

#### केन्द्रीय जेल में उमड़ी बहनें

केन्द्रीय जेल में निरुद्ध बंदियों को राखी बांधने के लिए दूर दूर से बहनें पहुंची। केन्द्रीय जेल प्रबंधन द्वारा रक्षा बंधन को लेकर विशेष तैयारियां की गई थी। सुबह होते ही बहनें केन्द्रीय जेल पहुँचने लगी थी। इस दौरान पूरे दिन बहनों के आने जाने का सिलसिला चलता रहा तथा बहनें अपनी बारी का इन्तजार करती रही। अपनी बारी आने पर बहनों ने अपने कैदी भाई से मिली तथा राखी बांधी। इस दौरान भाई-बहनों के बीच भावनात्मक बातें हुई। जेल में भाइयों को राखी बांधने के बाद बहनें नम आखों के साथ बाहर निकली।

* **अम्बिकापुर।** अकांक्षी विकासखंड लखनपुर के जनपद पंचायत सभाकक्ष में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक प्रबंधक अधिकारी देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, औद्योगिक विकास नीति, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की जानकारी विस्तार से दी। कार्यक्रम में समूह की महिलाएं, बैंक सखी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।



### राष्ट्रीय अभियान हर घर तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

राष्ट्रीय अभियान हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के मुख्य अतिथि में भाजपा कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई। बैठक के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तैयारी की समीक्षा करते हुए भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पूरे उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने एवं गांव गांव तक तिरंगा यात्रा और हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पूरे जोश उत्साह एवं शान से लहराने कहा गया।

भाजपा मंडल कार्यालय में हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा की तैयारी के लिए आयोजित मंडल स्तरीय कार्यशाला के प्रभारी एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, कार्यक्रम के सह प्रभारी भाजपा मंडल जरही के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा मंडल प्रतापपुर के मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत प्रतापपुर की प्रथम नागरिक नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व्यापार प्रकोष्ठ अंबिका जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती शकुंतला सिंह कहा कि हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ताओं से पूरे उत्साह के साथ गांव में शक्ति केंद्र स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाए। कार्यशाला के दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के सह प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता द्वारा अभियान के बारे में विस्तार से बताया।

इस दौरान प्रफुल्ल गुप्ता, अवधेश पाण्डेय, राम लखन सिंह, श्रीमती सुशीला गुप्ता, नंद यादव, कृष्णा सोनी, श्रीमती सीता पैकरा, श्रीमती नीलम रजक, रतीराम, चंद्रदेव सिंह, शिव रवि, राजनाथ सिंह, अशोक जायसवाल, विक्रम नामदेव, अजय जायसवाल, मोहन भोय, प्रेम पैकरा, पनाराम, हरिलाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## तस्कर अंग्रेजी शराब दुकानों से ही लेकर कर रहे सप्लाई

# नगर में चल रहा अवैध शराब बिक्री का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री का कारोबार चरम पर है। तस्कर बेखौफ होकर मनमानी कीमतों पर शराब बेच रहे है और मोटी कमाई कर रहे है। क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही शराब और नशे के सामान के कारण युवा वर्ग नशे की जद में जकड़ रहे है और क्षेत्र का माहौल दूषित हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने में पुलिस व आबकारी विभाग की टीम नाकाम साबित हो रही है।

शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए है और कार्रवाई भी हो रही है। वहीं लोगों को शासन द्वारा संचालित शासकीय अंग्रेजी और देशी शराब दुकानों के माध्यम से शराब उपलब्ध कराई जा रही है ताकि अवैध कारोबार पर रोक लग सके लेकिन शराब माफिया शासन की मंशा पर पानी फेर रहे है। पहले तस्कर दूसरे राज्यों से शराब की बोतलें लाकर उनकी बिक्री करते थे लेकिन अब माफियाओं को दूसरे राज्य जाने की जरुरत नहीं पड़ रही है और शासकीय अंग्रेजी शराब दुकानों से ही बड़ी आसानी से देशी विदेशी शराब उपलब्ध हो जाती है और यह शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। कर्मचारी नियमों को ताक में रखकर उन्हें भरपूर माता में शराब उपलब्ध कराते है। नियम के तहत शराब दुकान से एक दिन में एक व्यक्ति को पौव्वा-अद्धी मिलाकर केवल 6 बोतल शराब देने का नियम है। जिसका शराब माफिया भरपूर फायदा उठाते है और थोड़े थोड़े अंतराल में शराब दुकान से काफी मात्रा में शराब इकट्ठी कर लेते है। शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान के कर्मचारी एवं शराब माफियाओं के इस बेमेल सांठगांठ से ग्रामीण क्षेत्रों में शराब का अवैध कारोबार बड़ी तेजी से फलने फूलने लगा है। खासकर गुतुरमा, मुरता, काराबेल, रजपुरी, सहनपुर, भुषु एवं अन्य कई गांव के किराना दुकान, गुमटी समेत होटल एवं ढाबों में अवैध शराब की बिक्री बेधड़क हो रही है। अवैध शराब कारोबार के कारण युवाओं, खासकर नाबालिग लड़को में नशे की लत बढ़ती जा रही है। शराब माफिया नाजायज फायदा उठाते हुए निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूल कर रहे है। शराब माफिया के बदौलत गांवों में आसानी से मिलने वाली शराब के वजह से युवक युवतियों में तेजी से अंग्रेजी शराब का चलन बढ़ता जा रहा है। जन्मदिन जैसे कार्यक्रमों में युवा पीढ़ी फिल्मी तर्ज पर शराब का सेवन करते है और गांव में जमकर हुड़दंग मचाते है। जिसकी वजह से गांव का माहौल दूषित होने के साथ मारपीट तक कि नौबत आ जाती है। क्षेत्र में शराब के बढ़ते अवैध कारोबार और युवाओं में बढ़ती शराब की लत से अभिभावक काफी परेशान है।

#### पुलिस ने पकड़कर छोड़ा

बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले पुलिस ने एक शराब माफिया को हिरासत में लिया था। गुतुरमा निवासी युवक के पास से भारी मात्रा में अंगेजी शराब जब्त किया गया था और पुलिस उसे पकड़कर थाणे ले गई लेकिन रात के समय ही युवक को छोड़ दिया गया। पुलिस ने युवक को किस आधार पर छोड़ दिया इसके बारे में अधिकारी कोई जवाब नहीं दे पा रहे है। वहीं लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चाचा-भतीजा की जोड़ी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है लेकिन पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने से हौसले बुलंद है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौरव पांडेय ने बताया कि ग्राम गुतुरमा निवासी सुनील अजगल्ले को पकड़ा गया था। जिसके पास से दो तीन बियर मिली थी।




# 'परम सुंदरी' का गाना 'भीगी साड़ी' जारी, 29 को होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा पिछले काफी समय से फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार जलोटा ने संभाली है, वहीं इसका निर्माण दिनेश विजान कर रहे हैं। अब 'परम सुंदरी' का नया गाना 'भीगी साड़ी' रिलीज हो गया है, जिसे श्रेया घोषाल और अदनान सामी ने मिलकर गाया है। 'भीगी साड़ी' में सिद्धार्थ और जाह्नवी की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। दोनों जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

लाइफ Style

# रुक्मिणी

## 'कांताराः चैप्टर 1' की दिखी पहली झलक




एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर अभिनेता, फिल्म निर्माता और निर्देशक ऋषभ शेट्टी पिछले काफी समय से फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म साल 2022 में आई कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है, जिसका दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब 'कांताराः चैप्टर 1' से रुक्मिणी वसंत की पहली झलक सामने आ गई है,जिसमें वह पारंपरिक लुक में नजर आ रही हैं। कनकवती के रूप में रुक्मिणी खूब जंच रही हैं।

रुक्मिणी दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वह मुख्य रूप से कन्नड़, तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। 28 वर्षीय रुक्मिणी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2019 में आई कन्नड़ फिल्म 'बीरबल त्रयी' के जरिए की थी। उन्होंने 'भैरथी रनागल', 'बघीरा', 'बाणदरियाल्ली', 'ऐस' और 'अप्पुडो इप्पुडो एप्पुडो' जैसी फिल्मों में भी काम किया है। आने वाले समय में रुक्मिणी 'कांताराः चैप्टर 1', 'मधरासी' और 'एनटीआर31' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। 'कांताराः चैप्टर 1' को 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान ऋषभ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। ऋषभ एक बार फिर सिनेमाघरों में जोरदार दहाड़ लगाने वाले हैं।

'कांतारा: चैप्टर 1' को 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान ऋषभ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। ऋषभ एक बार फिर सिनेमाघरों में जोरदार दहाड़ लगाने वाले हैं।

हॉलीवुड मसाला




# फिल्म महोत्सव में चलेगा शोले का जादू

**लॉस एंजिल्स।** कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनकी लोकप्रियता पीढ़ी दर पीढ़ी कायम रहती हैं। वैसी ही फिल्म है 'शोले', जो गुजरते समय के साथ हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में शुमार हो गई। यह फिल्म हमेशा सिने प्रेमियों की यादों में जिंदा रहेगी। फिल्म का जिक्र इसलिए कि इसकी रिलीज के 50 साल पूरे होने पर इसकी स्क्रीनिंग प्रतिष्ठित टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में की जाएगी। यह स्पेशल स्क्रीनिंग 6 सितंबर, 2025 को 1,800 सीटों वाले रॉय थॉमसन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम में होगी।'



# एक्टर टॉम बॉलीवुड में करना चाहते हैं काम

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' भारत में रिलीज हो गई है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक इवेंट में टॉम क्रूज ने इंडियन फैंस को खास तोहफा देते हुए खुलासा किया कि उन्हें हिंदी सिनेमा से गहरा लगाव है और वह एक हिंदी फिल्म में काम करना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत एक अद्भुत देश है, यहां के लोग और संस्कृति शानदार हैं। मुझे भारत से बहुत प्यार है। मेरा भारत का अनुभव मेरी यादों में बस गया है। जब मैं वहां पहुंचा, ताजमहल देखने गया और मुंबई में भी समय बिताया, मुझे हर पल बहुत अच्छी तरह याद है। इंटरनेशनल क्रश ने आगे कहा, मैं भारत में जाकर वहां पर फिल्म बनाना पसंद करूंगा। मुझे बॉलीवुड फिल्में बहुत पसंद हैं।



# 'जटाधारा' में सामने आया रौद्र रूप...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पिछली बार फिल्म 'निकिता रॉय' में नजर आई थीं, जिसे समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में सोनाक्षी कई बड़ी फिल्मों में अभिनय करती दिखेंगी। इन्हीं में से एक है 'जटाधारा'। इस फिल्म के जरिए सोनाक्षी तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। अब निर्माताओं ने 'जटाधारा' का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें सोनाक्षी का रौद्र रूप दिख रहा है। सुधीर और सोनाक्षी दिखे आमने-सामने टीजर में सोनाक्षी आकर्षक और गंभीर अवतार में दिख रही हैं। गहने, गहरे काजल से सजी आंखें, लाल बिंदी और माथे पर तिलक उन्हें एक उग्र रूप दे रहा है। 'जटाधारा' में सोनाक्षी का एक अलग ही अवतार देखने को मिलेगा।



# 'द पैराडाइज' में दिखा धांसू अवतार...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नानी काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान श्रीकांत ओडेला ने संभाली है। फिल्म 'दशहरा' के बाद यह श्रीकांत और नानी के बीच दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुधाकर चेरुकुरी इस फिल्म के निर्माता हैं। अब आखिरकार 'द पैराडाइज' से नानी की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमे उनका धांसू अवतार दिख रहा है। नानी पहले पोस्टर में जदल के रूप में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। 'द पैराडाइज' एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

# 'बिग बॉस 19' में आएंगी नजर 'अनुपमा' में बनीं थीं किंजल

**मुंबई।** निधि शाह छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने टीवी शो 'अनुपमा' में किंजल का किरदार निभाया था, जिससे उनकी लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ। इस वक्त वह टीवी से दूर अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। अब खबर आ रही है कि निधि सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन में नजर आ सकती हैं, जिसकी मेजबानी सलमान खान करने वाले हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, निधि शो 'बिग बॉस 19' में नजर आ सकती हैं। निर्माताओं ने अभिनेत्री से संपर्क किया है। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो निधि शो में दिखेंगी। अभिनेत्री इस शो में रुचि को दिखा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। शैलेश लोढ़ा, गुरुचरण सिंह, रैपर रफ्तार और जेनिफर मिस्त्री को भी शो के लिए संपर्क किया गया है। 'बिग बॉस 19' को आप 24 अगस्त से जियो हॉटस्टार और कलर्स पर देख पाएंगे। चर्चा है कि इस बार शो में यूएई की हिजाबी डॉल हबूबू की भी एंट्री होगी। प्रतियोगियों की सूची में लता सभरवाल से लेकर आशीष विद्यार्थी, गौतमी कपूर, धीरज धूपर, अलीशा पंवार, मुनमुन दत्ता, अनीता हसनंदानी, कृष्णा श्रॉफ, कनिका मान, राज कुंद्रा, डेजी शाह, अर्शिफा खान, तनुश्री दत्ता, शरद मल्होत्रा, ममता कुलकर्णी, पारस कलनावत और मिकी मेकओवर का नाम शामिल है।



# आमिर खान के साथ सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बनाएंगे लोकेश कनगराज

**मुंबई।** आमिर खान पिछली बार फिल्म 'सितारे जमीन पर' में दिखे थे। इस फिल्म ने न सिर्फ बढ़िया कमाई की, बल्कि आमिर ने भी अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया। अब आमिर की आने वाली फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। एक ओर लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' में आमिर का कैमियो काफी चर्चा में हैं, वहीं लोकेश ने खुद आमिर के साथ एक अलग से बड़ी फिल्म बनाने का ऐलान कर दिया है लोकेश कनगराज ने हालिया बातचीत में स्वीकार किया कि आमिर के साथ फिल्म करने का मौका उन्हें 'कुली' में काम करने के बाद मिला। वह बोले, मैं हमेशा से आमिर के काम के प्रशंसक रहा हूं और अभिनेता को भी उनके साथ काम करने में मजा आया। जैसे-जैसे हमारे बीच अच्छा तालमेल हुआ, उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या हम साथ में कोई एक्शन फिल्म कर सकते हैं? उन्होंने काफी समय से कोई एक्शन फिल्म नहीं की है। लोकेश ने कहा, आमिर को कुली के एक्शन बहुत पसंद आए। मेरा सिनेमा स्कूल अलग है और उनका अलग। हालांकि, जब हम साथ आए तो उन्हें बहुत अच्छा लगा।



# 'पति, पत्नी और वो 2' में आयुष्मान के साथ नजर आएंगी 3 अभिनेत्रियां



**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना पिछली बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया था। आने वाले समय में आयुष्मान एक से बढ़कर एक फिल्मों में अभिनय करते नजर आएंगे। इन्हीं में से एक 'पति, पत्नी और वो 2' है, जिसके निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

***सामने आई ये दिलचस्प जानकारी :*** पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'पति, पत्नी और वो 2' में आयुष्मान के साथ एक नहीं, बल्कि 3 अभिनेत्रियां नजर आएंगी। सारा अली खान और वामिका गब्बी पहले ही इस फिल्म की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। अब 'पति, पत्नी और वो 2' में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह की एंट्री हो गई है। जहां 'पति, पत्नी और वो' में 2 अभिनेत्रियों ने मुख्य भूमिका निभाई थी, वहीं इसके सीक्वल में 3 अभिनेत्रियां दिखाई देंगी।

### सितंबर में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 'पति, पत्नी और वो 2' की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू हो जाएगी, वहीं यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की कहानी लिखकर तैयार है। यह एक बेहतरीन सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें कई कलाकार नजर आएंगे। अन्य किरदारों के लिए कास्टिंग अभी चल रही है। मुदस्सर अजीज ने फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है।

# सुनीता आहूजा हो गई थीं 8वीं में फेल बोलीं- गोविंदा के साथ चक्कर चल रहा था

*__मुंबई।__ गोविंदा भले ही अपनी पेशेवर या निजी जिंदगी पर कम बात करते हों, लेकिन उनकी पत्नी सुनीता आहूजा सुर्खियों में रहने का कोई मौका नहीं छोड़तीं। हाल ही में उन्होंने अपने स्कूल के दिनों पर बात की। सुनीता ने बताया कि जब वह 8वीं में फेल हो गई थीं तो उनकी मां ने गर्म तवे से उनका मुंह जला दिया था, क्योंकि उन्होंने झूठ बोला था। सुनीता ने ये भी बताया कि तब वह गोविंदा के साथ रिलेशनशिप में थीं।*

*__मां ने दी थी झूठ बोलने की ऐसी सजा :__ मीडिया से हालिया बातचीत के दौरान सुनीता ने कहा, मैं आठवीं क्लास में थी और फेल हो गई थी। मैंने अपनी मां को इसके बारे में नहीं बताया था और तब तक मैं गोविंदा के साथ रिश्ते में आ चुकी थी। मैंने अपनी मां से झूठ बोला कि मैं पास हो गई हूं। बस फिर क्या, मेरी मां ने तवा गरम किया और उसे मेरे गालों पर लगा दिया। मेरी मां बड़ी सख्त थीं। उन्हें झूठ से नफरत थी।*

### किताब खोलते ही सुनीता को आने लगती थी नींद

सुनीता बोलीं, मेरी मां पढ़ाई पर बड़ा जोर देती थी। वो चाहती थी कि मैं पढ़ूं और मैं थी बिल्कुल विपरीत। मेरा पढ़ाई में कतई मन नहीं लगता था या कहें मुझे पढ़ाई से बड़ी नफरत थी। किताबें खोलते ही मुझे नींद के झोंके आने लगते थे। सुनीता ने बताया, एक बार मेरी बड़ी बहन मुझे पढ़ाई के लिए मजबूर कर रही थी, उसकी जिद से मुझे गुस्सा आ गया। मैंने एक ब्लेड ली और उससे उसकी जांघ काट दी थी।



### पैसों की वजह से सुनीता को पसंद थी गणित

सुनीता ने बताया कि उन्हें केवल गणित पसंद थी, क्योंकि उन्हें पैसों से प्यार था। सुनीता ने गोविंदा से साल 1987 में शादी की थी। उन्होंने 1 साल तक अपनी शादी की बात दुनिया से छिपाई। अपनी बेटी टीना के जन्म के बाद ही इसकी घोषणा की। सुनीता के पिता इस शादी के सख्त खिलाफ थे और वह अपनी बेटी के इस खास दिन में शामिल भी नहीं हुए थे। टीना के जन्म के समय सुनीत 19 साल की थीं।

**सुनीता को कैसे मिले थे गोविंदा? :** गोविंदा अपने मामा के साथ रहते थे और सुनीता अक्सर अपनी बहन और जीजा (जो गोविंदा के मामा थे) के घर आती-जाती थीं। तकरार से शुरू हुई कहानी धीरे-धीरे प्यार में बदली और फिर 18 की होते ही सुनीता आहूजा ने गोविंदा से शादी कर ली। गोविंदा ने उस समय अपना करियर शुरू ही किया था। उनकी लोकप्रियता को नुकसान ना पहुंचे, इसके लिए सुनीता और अपनी शादी की बात को 1 साल तक सबसे छिपाकर रखा था।

## कुछ हिस्सा बनने खुशी-खुशी मंजूरी दे चुके तो कुछ ने शो ठुकराने में देर नहीं लगाई

# 'बिग बॉस 19' ठुकरा चुके ये कलाकार, एक बोला- 20 करोड़ देंगे तो भी नहीं जाऊंगा

*__मुंबई।__ एक ओर जहां कुछ सितारे 'बिग बॉस' में जाने का सपना देखते हैं तो वहीं, कुछ ऐसे कलाकार भी हैं, जिन्हें नंबर 1 शो से कोई लेना-देना नहीं है। 'बिग बॉस 19' से अब तक कई सितारों का नाम जुड़ चुका है। कुछ इसका हिस्सा बनने के लिए खुशी-खुशी मंजूरी दे चुके तो कुछ ने करोड़ों रुपये ऑफर होने के बाद भी शो ठुकराने में देर नहीं लगाई। आइए जानें किन सितारों ने दिखाया 'बिग बॉस 19' को ठेंगा।*



### दिव्यांका त्रिपाठी और राम कपूर

खबरें थीं कि 'बिग बॉस' के निर्माता 'ये हैं मोहब्बतें' की इशिता भल्ला यानी लोकप्रिय अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी को शो में लाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, दिव्यांका ने कहा, फर्जी, ऐसी अफवाहें वो हर साल फैलाते हैं। उधर राम कपूर को भी शो का प्रस्ताव मिला था, जिस पर वह बोले थे, मैं कभी 'बिग बॉस' में नहीं जाऊंगा, भले ही वो मुझे 20 करोड़ रुपये दें क्योंकि इस तरह का शो मेरे लिए नहीं है।

### मल्लिका शेरावत और डेजी शाह

खबरें थीं कि अभिनेत्री मल्लिका शेरावत इस साल शो का हिस्सा बनेंगी। हालांकि अभिनेत्री ने खुद इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'मैं सारी अफवाहों पर विराम लगा रही हूं। मैं 'बिग बॉस' में नहीं जा रही हूं और ना कभी जाऊंगी।' दूसरी ओर अभिनेत्री डेजी शाह ने भी शो का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया था कि वह ना ये शो कर रही हैं और ना कभी करेंगी।



### जन्नत जुबैर और एलनाज नोरौजी

अभिनेत्री जन्नत जुबैर 'बिग बॉस 19' को ठेंगा दिखा चुकी हैं। उन्होंने कहा था, मैं उस तरह की इंसान नहीं, जो बगैर किसी कारण शो में रहने के लिए चिल्लाऊं और झगड़ा करूं। उधर 'द ट्रेटर्स' और आगामी फिल्म 'मस्ती 4' से सुर्खियों में बनी हुई अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने प्रस्ताव इसलिए ठुकराया, क्योंकि वो सिर्फ लाइमलाइट नहीं, बल्कि लंबा और दमदार करियर बनाना चाहती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें इसके लिए 6 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया गया था।



### अनीता हसनंदानी और जरीन खान



अभिनेत्री अनीता हसनंदानी को भी 'बिग बॉस 19' का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसका हिस्सा बनने से साफ इनकार कर दिया। अनीता बोलीं, ये शो मेरे जैसे व्यक्तित्व वालों के लिए नहीं बना है। मैं इसमें शामिल नहीं हो सकती। उधर जरीन खान ने ये कहकर शो ठुकरा दिया कि वह न तो 3 महीने अपने घर से दूर रह सकती हैं और ना ही दुर्व्यवहार बर्दाश्त कर सकती हैं। वो यहां गईं तो उनका हाथ उठ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डाक सेवा बंद होने से व्यापारियों ग्रामीणों पर पड़ रहा बुरा असर

**प्रतापपुर।** भारतीय डाक विभाग की बड़ी लापरवाही जहां डिजिटल करने के नाम से 1 से 4 अगस्त तक सभी सेवाओं को बंद किया गया था लेकिन अब 9 अगस्त हो गया है लेकिन अभी तक भारतीय डाक विभाग द्वारा सेवा प्रारंभ नहीं किया गया जिससे सैकड़ो लोग प्रभावित हो रहे हैं। रोज दूर राज से ग्रामीण सहित व्यापारी, विद्यार्थी विभिन्न कार्यों जिनमें मुख्य रूप से पत्र, पार्सल, मनीऑर्डर, स्पीड पोस्ट और विभिन्न बचत योजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, डाक विभाग कई सरकारी योजनाओं कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा भी सेवाएं प्रदान किया जाता है लेकिन भारतीय डाक इस तरह अचानक इतने दिनों तक बंद करना कहीं ना कहीं डाक विभाग की बड़ी लापरवाही दिख रही है जिसका खामियाजा जरूरतमंद ग्रामीण को भुगतना पड़ रहा है। बावजूद इसके डाक विभाग द्वारा लोगों की जरूरत और नियमों को ताक में रखकर सेवाओं को बहाल नहीं कर रही। लोगों का कहना है कि इतने साल बीत गए लेकिन विभाग की इतनी बड़ी समस्याओं से हम लोगों को जूझना नहीं पड़ा था लेकिन इस बार विभाग की लापरवाही के कारण कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। लोगों ने डाक सेवा जल्द बहाल किए जाने की मांग की है जिससे लोगों को राहत मिल सके।

### सालाना दुर्गा पूजा बोनस को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू

**बिश्रामपुर।** कोयला कामगारों के बीच दुर्गा पूजा बोनस को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है।कामगारों को उम्मीद है कि इस साल बोनस की राशि एक लाख रुपए को पार करेगी। वर्ष 2024 में कोल इंडिया एवं अनुषांगिक सोसायटी के बिल्डर्स को 93 हजार 750 रुपए का स्टार्टअप बोनस का भुगतान हुआ था। कोल इंडिया लिमिटेड का वित्तीय वर्ष 2024-25 में कन्सिडेट प्रोफिट 37369.13 करोड़ रुपए था, जबकि 2023- 24 में कंसिडेट प्रोफिट 37302.10 करोड़ रुपए दर्ज थे। फिर भी कोल इंडिया का प्रोफिट बेहतर है। इस दावे से कोल क्रिएटर्स को वर्ष 2025 का बोनस एक लाख रुपए के पार होने की उम्मीद है। सितंबर के पहले हफ्ते में बोनस को लेकर सीआईआईएलएम मैनेजमेंट यूनियन की बैठक हो सकती है।

### विधायक शकुंतला पोर्ते ने बच्चों को किया सम्मानित

**सोनगरा।** विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के मुख्य आतिथ्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़गवां कला में बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में सबसे पहले मां सरस्वती का पूजा अर्चना किया गया. इसके पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर विधायक शकुंतला पोर्ते द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया।उन्होने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, फागू चक्रधारी, डिकलेश सिंह, लालसाय नेताम, संतोष यादव, रामचन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र चक्रधारी, शुभम जायसवाल, अनुराग द्विवेदी, भुनेश्वर राजवाड़े, घनश्याम सिंह, सौरभ जायसवाल, बिन्देश यादव, प्रिन्स सोनी, उत्तम जायसवाल, सुमित्रा रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रकृति पूजा के साथ मना विश्व आदिवासी दिवस, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

# जल-जंगल-जमीन आदिवासियों की धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गत 9 अगस्त को जिला मुख्यालय के मानस भवन में सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले विविध कार्यक्रम का आयोजित किया गया। विदित हो कि सर्व आदिवासी समाज जिला कोरिया एक पंजीकृत संगठन है, जिसके बैनर तले जिलेभर के आदिवासी समुदाय के विभिन्न जातियों, समाज प्रमुखों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत रामानुज मिनी स्टेडियम से हुई, जहां बैगा के द्वारा प्रकृति पूजा विधि-विधान के अनुसार किया, इसके पश्चात वहां से कतारबद्ध होकर हर्षोल्लास एवं पारंपरिक वाद्य यंत्र, गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली गई तथा हक-अधिकार के लिए नारे लगाते हुए सर्व समाज की रैली कुमार चौक पहुंची।

इस दौरान बिंझिया समाज ने वाद्य यंत्रों के साथ पारंपरिक गौरा नृत्य प्रस्तुत किए तथा पंडो समाज ने धनुष तीर का प्रदर्शन किया जो आकर्षण का केन्द्र रहा। तत्पश्चात रैली मानस भवन पहुंची। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, धरती आबा बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह एवं अन्य महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष विजय सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस का आदिवासी समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है, हमें एकजुट होकर आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए संकल्पित होना होगा। जल जंगल जमीन आदिवासियों की धरोहर है, जिसे संरक्षित करना होगा। इस दौरान विभिन्न समाज के कलाकारों ने पारंपरिक मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में सर्व आदिवासी समाज ने समाज के मेघावी छात्र-






आयोजन में शामिल के लोग

dछात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष कलावती मरकाम, बैकुंठपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह सिंदराम, सोनहत जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, प्रदेश कांग्रेस पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अशोक जायसवाल, रवि राजवाड़े, सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष विजय सिंह, ए.पन्ना, फा. संदीप तिग्गा, विश्वास भगत, रविन्द्र सिंह, सुरेश एक्का, ज्ञानसाय कुजूर, अजित बड़ा, डीएल भास्कर, अशोक लाल कुर्रे, विमला सोनवानी, बाल सिंह, सावित्री सिंह, प्रभु दान बाखला, राजेश कुजूर, दीपक तिर्की, रजनी बड़ा, कमलेश्वर सिंह पोया, श्रीमती रूकमणी सिंह पोया, श्रीमती सोनकुंवर, सुनील भगत, दिलीप मिंज, विष्णु प्रताप सिंह, रविन्द्र सिंह, एनपी सिंह, इंद्रपाल वास्कले, दिपेन्द्र पंकज पोर्ते, नवजोत सिंह आयाम, ईरबल सिंह पैकरा, शैलेन्द्र सिंह सिदार, उदय सिंह, श्रीमती सावित्री सिंह, रामसिंह, अवधेश प्रताप सिंह, ए.टोप्पो, शैलेश खाखा, कमलेश खाखा, श्रीमती तारा निकुंज, सुश्री संध्या भगत, रामदेव राम, विजय पाल सिंह, डिलेश्वर सिंह, त्रिभुवन सिंह परस्ते, सुखलाल सिंह पैकरा, ठाकुर प्रसाद पावले, कुलदीप सिंह, संजय सिंह, अखिलचंद सिंह, फलेश्वर सिंह, मनोज सिंह कमरो, लालसिंह आर्मो, मनीष कुमार माइकल, विजय सिंह, ए.पन्ना, श्रीमती अल्मा पन्ना, श्रीमती जी.टोप्पो, श्रीमती पुष्पा बड़ा सहित काफी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### परंपरा, संस्कृति और एकता का दिया संदेश



बैकुण्ठपुर। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर आदिवासी समाज द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दिवस को अस्तित्व, संस्कृति और एकता के प्रतीक के रूप में मनाया गया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर धुन, सांस्कृतिक नृत्य, गीत और पारंपरिक पोशाकों की मनमोहक झलक ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। प्रकृति पूजन गांव के बैगा भूमका के द्वारा किया गया, फिर इसके बाद हमारे महापुरूष पेन पुरखाओं के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। आदिवासी नेताओं और वरिष्ठजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि पहचान, भाषा, विरासत और अधिकारों की रक्षा का संकल्प दिवस है। युवाओं से आह्वान किया गया कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें और शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति को भी आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य, महिला मंडल, युवा संगठन और विद्यार्थी काफी संख्या में शामिल हुए। अंत में सामूहिक संकल्प लिया गया कि परंपरा, भाषा और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत सदस्य सौभाग्यवती, सुषमा कोराम, जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह सिंदराम, सर्वआदिवासी अध्यक्ष गणपत टोप्पो, सचिव विजय सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष गिरिजा शंकर, राजेन्द्र पावले, संरक्षक सर्वजीत सिंह, आरपी सिंह, अमीर साय, उपाध्यक्ष नीरा सिंह कुसरो, अशोक पैकरा, दीवान सिंह, चंद्रिका पैकरा, विपिन, राजेन्द्र सिंह, विपिन सिंह, गोपाल कमरो, भूपसाय, इंद्रभूषण नेताम, अमरसाय भगत, संतोष भगत, अशोक सोनवानी, जशीनता तिर्की, दीपक कमरो, गीता खलखो, सुषमा पैकरा, महेन्द्र पोया, श्रवण सिंह, कुंबज कंवर, धर्मराज, रमेश टेकाम, जगमोहन सहित सर्व समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश पर अभिभावक सम्मानित



विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में तीसरी रैंक हासिल करने वाले बालक के माता-पिता नीरा सिंह कुसरो और संतोष का शाल और श्रीफल से विशेष सम्मान किया गया। इस सम्मान को समाज के लिए गौरव का क्षण बताया गया और उपस्थितजन ने बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पेड़ को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर अलास्का पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में एक अनूठा सुरक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को पेड़ों के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत कराना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के संचालक मोहम्मद फिरोज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा बंधन पेड़ों और पर्यावरण के प्रति हमारे प्यार को दर्शाता है। जिस प्रकार पेड़ हमें छाया, फल, स्वच्छ हवा और जीवन देते हैं, उनकी रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। आज हम पेड़ों को राखी बांधकर यह प्रण लें कि हम उनके संरक्षण में सदैव तत्पर रहेंगे, इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली, जो विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर झगराखाण्ड रोड से गुजरती हुई मुखर्जी गार्डन



तक पहुंची। छात्रों ने हाथों में रंगीन बैनर और पोस्टर लिए हम सब ने यह ठाना है, सुरक्षा बंधन मानना है। पेड़ हमारी शान है, पेड़ हमारी जान है। पेड़ों को मत करो नष्ट, सांस लेने में होगा कष्ट, जैसे प्रेरक नारों से गलियों को गूंजायमान कर दिया। मुखर्जी गार्डन पहुंचकर बच्चों ने पेड़ों की शाखाओं पर पवित्र राखी बांधकर उन्हें अपना भाई मानते हुए उनकी सुरक्षा का वचन दिया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाओं ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि पेड़ों के बिना मानव जीवन असंभव है और उन्हें काटने के बजाए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान पार्क में मौजूद कुछ पालकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल रक्षाबंधन के त्योहार को एक नए अर्थ से जोड़ता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने की एक सार्थक पहल भी है। अलास्का पब्लिक स्कूल का यह प्रयास सराहनीय है और समाज के लिए एक मिसाल कायम करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के संचालक मो. फिरोज और उनकी सहायक टीम ऋचा अग्रवाल, नेहा यादव, अनामिका आइंड, आयशा खातुन, रेखा सिंह, निकुंज गोयल सहकर्मी शांति जायसवाल ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया।

### महिला मोर्चा ने थाना में मनाया रक्षाबंधन



**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने थाना पहुंचकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष उर्मिला सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य प्रियंका सिंह, जिला मंत्री साक्षी सिंह राजपूत, एनजीओ प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष शिल्पा शर्मा और सीमा देवांगन उपस्थित रहीं। महिला मोर्चा की बहनों ने थाना प्रभारी को राखी बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की तथा उनसे समाज की रक्षा का संकल्प बनाए रखने का आग्रह किया। इस दौरान आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिया गया।

## स्वास्थ्य मंत्री ने नर्सिंग स्टाफ के साथ मनाया रक्षाबंधन



**बैकुण्ठपुर।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के खड़गवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आज रक्षाबंधन का त्योहार एक अनोखे अंदाज में मनाया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्य लाभ ले रही बहनों से राखी बंधवाकर शुभकामनाएं दीं। दिन-रात मरीजों की देखभाल करने वाली नर्स बहनों के साथ यह पर्व मनाकर मंत्री ने उनके सेवा-भाव और समर्पण को सम्मान दिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया, मरीजों और उनके परिजन से भी आत्मीय मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने मनाया रक्षाबंधन, बांधे रक्षा सूत्र



**बैकुण्ठपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर में रक्षाबंधन का पावन पर्व शनिवार को धूमधाम, उमंग और आध्यात्मिक भावना के साथ मनाया गया। बीके रेखा दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के पवित्र बंधन का स्मरण कराता है। दीदी ने बताया कि तिलक आत्म-स्मृति का प्रतीक है, रक्षासूत्र यह संदेश देता है कि सच्ची रक्षा का सामर्थ्य केवल सर्वशक्तिमान परमात्मा के पास है।

मुख मीठा आपसी प्रेम का संकेत है, जबकि गिफ्ट के रूप में हमें अपनी कोई बुराई त्यागकर परमात्मा को अर्पित करनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने अपनी वृत्ति, दृष्टि और कृति को पावन बनाकर विश्व परिवर्तन में सहयोगी बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लगभग 150 भाई-बहनों को रक्षासूत्र बांधा गया और शहर के गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भी राखी बांधी गई। इनमें पूर्व श्रम कल्याण युवा मंत्री एवं विधायक भईलालराजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, एसईसीएल महाप्रबंधक बीएन झा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, केबी जायसवाल, वेदांती तिवारी, अशोक जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, डॉ. सेंगर, प्रीति भारद्वाज, आशुतोष चतुर्वेदी, अनुपमा सिंह, अबीद रजा, डॉ. गौरवकांत बड़ेरिया, प्रकाश जायसवाल, राजेश गुप्ता, डॉ. राकेश शर्मा, बंटी वर्मा, दिवाकर प्रताप सिंह, ध्रुवेश प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास लगाया गया अर्थदंड

**रामानुजगंज।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने थाना पस्ता में धारा 376, 506, 392 के तहत दर्ज मामले के आरोपी ग्राम झींगो निवासी अमर साय प्रजापति को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। पस्ता थाना में 23 अप्रैल 2017 को मामला पंजीबद्ध हुआ था। न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता 24 अप्रैल 2017 को सामान खरीदने राजपुर के बाजार में गई थी। बाजार में रिश्ते की बहन मिली जिसके साथ वह कर्रा मोड झींगो तक आई जहां उसकी बहन उसे छोड़कर अपने घर चली गई। पीड़िता बस का इंतजार कर रही थी तभी बाइक सवार दो युवक पहुंचे और युवती से जाने के संबंध में पूछताछ की जिस पर युवती ने कोदोडीपा जाने की बात बताई। इसी बीच युवकों ने नेवता बांटने जाने की बात कहते हुए उसे रास्ते में छोड़ देंगे की बात कही। युवकों के झांसे में आकर युवती उनके साथ बाइक में बैठ गई। जिस पर युवकों ने उसे कुछ दूर आगे ले जाकर शाम करीब 6:30 बजे झींगो पहुंचकर एक लड़का उतर गया। पीड़ति को कोदोडीपा पहुंचने पर उसे नहीं उतारा और जबरन चौधरी गेट से अंदर गहनादाढ़ के जंगल में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। मामले में प्रथम अपर एवं सत्र न्यायाधीश ने सजा सुनाई। शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक प्रमोद कुमार कश्यप द्वारा की गई।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), चिरमिरी जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम अखराडांड़ तहसील चिरमिरी जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर छ.ग. के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कौशिल्या देवी आ. नारायण उम्र करीब 59 वर्ष जाति अगरिया निवासी ग्राम खड़गवां तहसील खड़गवां जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) के द्वारा छ.ग.रा.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत स्वयं की स्थित भूमि ग्राम अखराडांड़ तहसील चिरमिरी जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 563/3 रकबा 1.110 हे. में से रकबा 0.40 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक के द्वारा उक्त भूमि खसरा नं. 536/3 रकबा 1.110 हे. में से रकबा 0.40 हे. भूमि को औद्योगिक / व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, नक्शा, खसरा, बी-1, मिसल अभिलेख वर्ष 1948-49, ले-आउट नक्शा, रिनम्बरिंग सूची, रजिस्ट्री की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत दिनांक 18/08/25 को सायं 05.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 01/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चिरमिरी- जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

### कुन्नी मंडल में तिरंगा यात्रा को लेकर हुई बैठक

**लखनपुर।** भाजपा मण्डल कुन्नी में तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पूर्व सांसद कमलभान सिंह मरावी, राधेश्याम सिंह ठाकुर, विश्वनाथ गुप्ता शामिल हुए। इस दौरान तिरंगा यात्रा को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई और तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही बैठक में संगठनात्मक चर्चाएँ भी की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रवि महंत, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, भैया लाल साहू, महामंत्री विक्रम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अजय सोनी, आदित्य प्रजापति, कपिल राजवाड़े, श्याम लाल यादव, विफल लकड़ा, अभय वर्मा, प्रवीण यादव, पारस राजवाड़े, सत्यनारायण राजवाड़े, सुरेश सत्यदेव दास, नर्मदा यादव, सुभाष रतिया, बबली सिंह एवं अन्य सभी शक्ति केंद्र, बूथ प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे।







